(घ) यदि हां, तो क्या सरकार वर्ष 1994-95 के दौरान तेल की कुल खरीद की एक तिहाई मात्रा स्पॉट मार्किट मे खरीदने का विचार रखती है;

(ङ) यदि नहीं तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं और क्या सरकार अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतों में कमी को देखते हुए तेल तथा ऐसे ही अन्य उत्पादों की कीमतों में कमी लाने का विचार रखती है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा):

(क) जी हां ।

(ख) 1992-93 और 1993-94 के दौरान खरीदे गए कच्चे तेल की औसत कीमत निम्नानुसार है :—

कच्चा तेल

	अमेरिकी डालर प्रति बैरल
1992-93	17.88
1993-94 (अस्थायी)	14.65

(ग) और (घ) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें, अनेक घटकों जैसे विश्वव्यापी मांग और आपूर्ति, उत्पादन कोटा पर ओपेक की अधिकतम सीमा, गैर-ओपेक देशों द्वारा उत्पादन, विश्व आर्थिक परिदृश्य आदि पर निर्भर करती हैं तथा बाजार की स्थितियों से लाभ उठाते हुए ये खरीदारियां की जाएंगी ।

(ङ) और (च) फिलहाल कोई ऐसा प्रस्ताव नहीं है क्योंकि अनेक उत्पादों पर राज सहायता देकर कीमतों को प्रशासित किया जाता है ।

मिट्टी के तेल और रसोई गैस की कीमत में प्रस्तावित वृद्धि

4773. **श्री दिलीप सिंह जवेद : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार वर्ष 1994 के वित्तीय बजट में रसोई गैस और मिट्टी के तेल की कीमतो में वृद्धि करने पर विचार कर रही है ;

(ख) क्या सरकार ने यह निर्णय मंत्रालय की सलाहकार समिति की सलाह पर लिया है ;

(ग) सरकार द्वारा कीमतों में कितने प्रतिशत की वृद्धि का विचार है ;

(घ) इस प्रस्तावित कीमतों वृद्धि का सामान्य व्यक्ति पर क्या प्रभाव पड़ेगा;

(ङ) क्या यह वृद्धि सरकार के नियंत्रणाधीन कम्पनियों के अलावा गैर-सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा उत्पादित रसोई गैस और मिट्टी के तेल की कीमतों में भी की जाएगी; और

(च) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के (राज्य मंत्री) (कैप्टन सतीश शर्मा) :

(क) वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ख) से (च) प्रश्न नहीं उठता ।

Increase in fare and freight

4774. SHRI MD. SALIM : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) how many times his Ministry has increased the fare and freight since 1977;

(b) the details of such increase yearwise and in percentage details thereof;

(c) the total amount allocated for passenger amenities since 1977; and

(d) the yeas-wise and in percentage details thereof ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF) : (a) to (d) Information is being collected and will be laid on the table of the Sabha.

पटना में यात्रियों का शोषण

4775. श्री रामदेव भंडारी : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि कुली तथा असामाजिक तत्व रेल कर्मचारियों और पुलिस के सहयोग से पटना से देश के दूर दराज क्षेत्रों को जाने वाली रेलगाड़ियों के सामान्य डिब्बों में जबरदस्ती सीटें घेर लेते है तथा यात्रियों से काफी धनराशि लेकर उन्हें वे सीटें दे देते हैं;

(ख) क्या सरकार इस मामले की जांच करवा कर दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है; और

(ग) यात्रियों का शोषण समाप्त करने के लिए सरकार क्या व्यवस्था करेगी ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) और (ख) : पटना जं० स्टेशन पर कदाचारों के सबध में ऐसी कोई विशिष्ट शिकायत प्राप्त नहीं हुई है जिसमें कुली तथा असामाजिक तत्व संलिप्त हों,

(ग) प्लेटफार्म पर गाड़ी लगाने से पूर्व सवारी डिब्बों में अनाधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए पटना जं० स्टेशन पर सामान्य सवारी डिब्बों के दरवाजे भली भांति बंद किये जाते ह और र० सु० ब० के कर्मी यार्ड से गाड़ियों का मार्ग रक्षण करते हैं । दलालों, तौलिया फैलाकर सीट घेरने वालों आदि घृणित कार्य-कलापों को रोकने और इस स्टेशन को इन तत्वों से मुक्त रखने के लिए टिकिट कलेक्टरों चल टिकट परीक्षकों, रा० रे० पु० तथा रे० सु० ब० के कर्मियों का एक कृतिक बल दल पटना जं० स्टेशन पर तैनात किया गया है । जन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को भी सलाह दी जाती है कि वे अपने सामान की ढुलाई केवल लाइसेंस धारी भारिकों से ही करायें ।

Diversion of amount sanctioned for Eklakhi-Balurghat Railway Project West Bengal

4776. SHRI A. NALLASIVAN : Will the Minister of RAILWAYS be pleaced to state ;

(a) whether it is a fact that the amount sanctioned/allotted in the Railway Budget for 1993-94 for "Eklakhi-Balurghat Railway Project" West Bengal, has been diverted to "Jogigopara Project" in Guwahati;

(b) if so, what are the reasons therefor, if not, the details of sanctioned amount and its utilisation till 31-12-1993; and

(c) whether it is also a fact that the Construction Office for this project is being wound up and the employees of this Project are being transferred ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF) : (a) No, Sir.

(b) (i) Does not arise.

(ii) An amount of Rs. 2.97 crores has been sanctioned for this project upto the end of 1993-94. So far an amount of Rs. 2.97 crores has been spent on earthwork and preliminary works in a part of this section.

(c) No, Sir.

बिहार से आने–जाने वाली रेलगाड़ियों में अत्यधिक भीड़–भाड़

4777. श्री रामदेव भंडारी: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बिहार से आने–जाने वाली